मूल हिन्दी

भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2848
08 अगस्त, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

मुजफ्फरनगर और शामली जिलों को निधि का आवंटन

2848. श्री हरेन्द्र सिंह मलिकः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री वह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली-एनसीआर योजना के अंतर्गत अब तक मुजफ्फरनगर और शामली जिलों को वर्ष-वार कितनी धनराशि आवंटित की गई है; और

(ख) इस संबंध में सरकार की कार्य योजना का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री तोखन साहू)

(क) और (ख): राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड (एनसीआरपीबी) ने सूचित किया है कि मुजफ्फरनगर और शामली जिलों के लिए वित्तीय सहायता हेतु कोई परियोजना प्रस्ताव उत्तर प्रदेश या इसकी कार्यान्वयन एजेंसियों से प्राप्त नहीं हुआ है।

****